ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS	15 DAYS	1 MONTH
	100/-	500/-	1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS	7 DAYS	1 MONTH
	500/-	1800/-	3000/-

पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate	
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द		Rs. 500/-

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

डेनिक बने प्रो पंजा लीग सीज़न 2 के पहले 80 किग्रा वर्ग के सितारे

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 8 अगस्त. प्रो पंजा लीग सीज़न 2 के चौथे दिन का समापन मेन कार्ड आर्म रेसलिंग के जबरदस्त रोमांच के साथ हुआ। एक बेहद रोमांचक भिड़ंत में किराक हैदराबाद के आस्कर अली और डेनिक

प्रो पंजा लीग सीज़न 2 में 90 किग्रा वर्ग का अर्शदीप विर्क बनाम रीनो थॉमस मुकाबला बना इतिहास, लीग का पहला पाँच राउंड वाला मैच

लालरुआतलुआंगा ने अपने हाई-इंटेंसिटी मुकाबले से दर्शकों को सीट से खड़े होने पर मजबूर कर दिया। इस मैच में आए अप्रत्याशित मोड़ों ने आगे होने वाले मुख्य खिताबी मुकाबलों के लिए उत्सुकता को और बढ़ा दिया। सह-संस्थापक पर्वीन डबास और प्रीति जांगियानी की मौजूदगी ने माहौल को और जोशीला बना दिया, जिन्होंने अंडरकार्ड से लेकर मेन कार्ड तक दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। इसी बीच, किराक हैदराबाद के सतनाम सिंह ने मात्र 0.2 सेकंड में पिन दर्ज कर प्रो पंजा इतिहास का सबसे तेज़ रिकॉर्ड बनाया, जिसे कई दर्शकों ने अब तक का सबसे शानदार आयोजन बताया। वहीं 90 किग्रा वर्ग का मुकाबला, जिसमें रोहतक रॉडीज़ के अर्शदीप सिंह और एमपी हाथोदास के रीनो थॉमस आमने-सामने थे, लीग के इतिहास में पहला मेन कार्ड मैच बना जो पूरे पाँच राउंड तक चला।

अंडरकार्ड मुकाबले = दिन की शुरुआत अंडरकार्ड श्रेणी में किराक हैदराबाद और मुंबई मसल के बीच हुई, जिसमें हैदराबाद ने तीन में से दो मैच अपने नाम किए। 100 किग्रा वर्ग में किराक हैदराबाद के जगदीश बरुआ ने मुंबई मसल के प्रमोद मुखी को 2-0 से हराया। 55 किग्रा वर्ग में मुंबई मसल के तेजा पीजे ने किराक हैदराबाद की सविता कुमारी को 2-0 से मात दी। इसके बाद 65 किग्रा+ वर्ग में किराक हैदराबाद की जिंसी जोसे ने मुंबई मसल की दशमीत कौर को 2-0 से हराकर टीम को बढ़त दिलाई।

इसके बाद रोहतक रॉडीज़ और एमपी हाथोदास के बीच मुकाबले हुए। 60 किग्रा वर्ग में रोहतक रॉडीज़ के राहुल नायक ने एमपी हाथोदास के सुजीत कुमार को 2-0 से हराया। इसके बाद एमपी हाथोदास ने वापसी करते हुए 55 किग्रा वर्ग में आर्या पी ने रोहतक रॉडीज़ की शिवानी भटनागर को 2-0 से और 65 किग्रा वर्ग में ओलिविया डिखार ने आकृति कंदारी को 2-0 से हराकर टीम के लिए अहम अंक जुटाए।मेन कार्ड मुकाबले = मेन कार्ड में किराक हैदराबाद और मुंबई मसल के बीच टक्कर में रोमांच अपने चरम पर पहुँचा।80 किग्रा वर्ग में मुंबई मसल के डेनिक लालरुआतलुआंगा ने किराक हैदराबाद के आस्कर अली को 5-0 से हराया। 70 किग्रा वर्ग में किराक हैदराबाद के सतनाम सिंह ने मुंबई मसल के रेमंड को 10-0 से मात दी और मात्र 0.2 सेकंड में पिन कर नया रिकॉर्ड बनाया।

वृक्षारोपण एवं व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

ग्वालियर। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर द्वारा राष्ट्रीय सैंपल सर्वे की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1, ग्वालियर में वृक्षारोपण एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती गीता सिंह राठौर, महानिदेशक, राष्ट्रीय सैंपल सर्वे, नई दिल्ली उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन गजेन्द्र सोनी, निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पी.एम. केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1, ग्वालियर की ओर से प्राचार्य राजेश पाण्डेय तथा उप-प्रधानाचार्य पवन कुमार जैन ने अतिथियों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया, तथा श्रीमती गीता सिंह राठौर द्वारा विद्यार्थियों को सांख्यिकी प्रणाली में उपलब्ध कैरियर अवसरों पर प्रेरणादायक व्याख्यान भी दिया गया।कार्यक्रम में वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी अशीष गौर, मनीष कुमार विकास, अनुपम भारद्वाज, नितेश कुमार, रॉबिन सिंह तथा सहायक अधिकारी अंकुश एवं विक्रम भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

स्पेस वीक : छात्रों ने पूछे सवाल, इसरो वैज्ञानिक ने खोले अंतरिक्ष के राज

ग्वालियर। एमआईटीएस डीम्ड यूनिवर्सिटी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के स्पेस वीक के उद्घाटन समारोह में छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया को करीब से जानने और अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने का सुनहरा अवसर मिला। कार्यक्रम में मौजूद इसरो के वैज्ञानिक अखिलेश शर्मा ने छात्रों के सवालों का सहजता से जवाब देते हुए अंतरिक्ष मिशन की जटिलताओं, चुनौतियों और फायदों पर प्रकाश डाला। एमआईटीएस के छात्र ओशियन अग्रवाल ने पूछा कि अंतरिक्ष में अनगिनत सैटेलाइट आपस में क्यों नहीं टकराते? इस पर वैज्ञानिक अखिलेश शर्मा ने बताया, इसके लिए इंटरनेशनल टेलीकम्यूनिकेशन यूनिट काम करती है। यह संस्था हर देश को उसकी जरूरत के अनुसार अंतरिक्ष में एक निश्चित स्थान (ऑर्बिट) आवंटित करती है, जिससे टकराव की स्थिति नहीं बनती। जब श्रेया गोयल ने पूछा कि मिशन पूरा होने के बाद सैटेलाइट कहाँ जाते हैं, तो उन्होंने समझाया कि इसके दो रास्ते हैं। फ्लअगर सैटेलाइट में ईंधन बचा है, तो उसे लगभग 40,000 किलोमीटर दूर ग्रेवयार्ड ऑर्बिट (कब्रगाह कक्षा) में भेज दिया जाता है। दूसरा विकल्प है कि उसे पृथ्वी के निचले ऑर्बिट में लाकर गिरा दिया जाता है, जहाँ वायुमंडल में प्रवेश करते ही वह जलकर नष्ट हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि कभी-कभी कुछ टुकड़े पृथ्वी पर गिरने की खबरें भी आती हैं। अंतरिक्ष में फैले कचरे पर स्कूल के छात्र राघव सिंह के द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि अब कई स्टार्टअप इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। डीम्ड यूनिवर्सिटी के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मौर्य ने बताया कि कार्यक्रम में डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ मनीष सागर, डीन रिसर्च डॉ मनोज गौर, विभागाध्यक्ष डॉ चन्द्र शेखर मालवी उपस्थित थे, कार्यक्रम समन्वयक डॉ नितिन उपाध्याय थे. यह कार्यक्रम एरोस्पेस क्लब द्वारा आयोजित किया गया।

विजयवर्गीय 11 को ग्वालियर आएंगे

ग्वालियर। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आगामी 11 अगस्त को ग्वालियर आयेंगे। विजयवर्गीय इंदौर से मुंबई पहुंचकर दोपहर की फ्लाइट से ग्वालियर आयेंगे।

हटाए गए आउटसोर्स कर्मियों को वापस लिया जाए :करोसिया

ग्वालियर। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं पूर्व जेल डायरेक्टर गुरुमुख करोसिया ने नगर निगम आयुक्त संघप्रिय से भेट कर आग्रह किया कि ग्वालियर नगर निगम के कुछ दिन पहले जो आउटसोर्स कर्मचारी हटा दिए गए थे, उन्हें वापस लिया जाए क्योंकि यह लोग गरीब परिवार के हैं इनके परिवार की स्थिति ठीक नहीं है, उनकी गलतियों को क्षमा करते हुए इनको पुनः ड्यूटी पर ज्वाइन कराया जाए। निगम आयुक्त का कहना था कि हम भी किसी की नौकरी से नहीं हटाना चाहते पर इनको भी अपनी ड्यूटी का ध्यान रखना चाहिए। निगमायुक्त ने संवेदनाशील निर्णय के प्रति आश्वस्त किया है। इस अवसर पर करण खरे, बबलू बंगड़ी, विजय खरे आदि उपस्थित थे।

जीवन में सपने बड़े हों, डर को जीत में बदलकर आगे बढ़कर लक्ष्य प्राप्त करें : राठौर

ग्वालियर 8 अगस्त. पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1, ग्वालियर में श्रीमती गीता सिंह राठौर, महानिदेशक, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे कक्षा 4 से 12वीं तक केन्द्रीय विद्यालय, महरौली रोड, जे.एन.यू. कैम्पस, नई दिल्ली में छात्रा होने का अपार गर्व है। आज मुझे पीएमश्री के.वि. क्रमांक 1, ग्वालियर में अपने सामने छात्र-छात्राओं को देखकर अपने विद्यार्थी जीवन की स्मृतियाँ याद आ गईं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश पाण्डेय ने पौधे प्रदान करते हुए उनका स्वागत किया।



46 वर्षीय अधेड़ ने नौ साल की बच्ची से की अश्लील हरकत, मामला दर्ज

ग्वालियर-46 वर्षीय अधेड़ द्वारा नौ साल की मासूम बच्ची से अश्लील हरकत किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना भितरवार इलाके की है, जिसमें पीड़ित बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के उपरांत तत्परता दिखा उसे गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम सर्वा निवासी 30 वर्षीय महिला ने भितरवार थाने में शिकायत की है, कि उसकी नौ साल की बच्ची गांव में ही स्थित सरकारी स्कूल में पढ़ती है। भितरवार टीआई हितेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 74,75, 76 व 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया गया है कि आरोपी का अब तक विवाह नहीं हुआ है।

बापू आश्रम के महिला उत्थान मंडल की बहनों ने डबरा जेल में मनाया रक्षाबंधन

ग्वालियर-संत श्री आशारामजी बापू आश्रम के महिला उत्थान मंडल की बहनों ने सैकड़ों बंदी भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर जेलर महेश शर्मा के सानिध्य में धूमधाम से रक्षा बंधन महोत्सव मनाया। जिसमें उपस्थित 172 बंदियों फल वितरित किए गए। रक्ष आश्रम के सत्संग वक्ता विजय जी महाराज ने अपने प्रवचन में रक्षा बंधन पर्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह बहन भाई के अटूट रिश्ते का पर्व है मण्डल की श्री मती कल्पना शर्मा और गीता भार्गव द्वारा बंदियों से हे प्रभु आनंद दाता ज्ञान हमको दीजिए प्रार्थना भी कराई गई। उसके बाद उपस्थित सभी बंदी भाइयों को रक्षा सूत्र बांध कर फलों का वितरण किया गया। इस मौके पर आश्रम संचालक अर्जुन भाई विजय महाराज डीके शर्मा लक्ष्मण शर्मा के अलावा डबरा मंडल की पदाधिकारी साधक बहनें भी उपस्थित रहीं।

जेल में बहनें करेंगी बंदियों को मंगल टीका

ग्वालियर। केन्द्रीय जेल में सजा काट रहे बंदियों की बहनें रक्षाबंधन पर मंगल टीका कर उनकी लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करेंगी। इसके लिए जेल में तैयारी पूरी कर ली गई हैं रक्षाबंधन पर बहनें भाइयों से प्रत्यक्ष मुलाकात करेंगी। आमतौर पर परिजनों पारदर्शी कांच की मदद से मुलाकात होती है। राज्य शासन के आदेश पर जेल विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के बाद जेल प्रबंधन ने पूरी तैयारी कर ली है। इस दौरान पुरूषों का जेल में जाना प्रतिबंधित रहेगा। को जेल अधीक्षक विदित सरवैया ने बताया कि रक्षाबंधन पर बंदियों से मुलाकात के लिए तैयारी पूरी है और सुबह सात बजे से बहनों का रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा। जिन बहनों का रजिस्टेशन हो जाएगा, उन्हें प्रवेश देना शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए मैदान में पंडाल लगाकर उनके लिए स्थान तैयार कर लिया है। जेल में भाइयों से मुलाकात करने आने वाली बहनों द्वारा लाया गया सामान प्रतिबंधित रहेगा, इसके साथ ही मोबाइल सहित अन्य गैजेट प्रतिबंधित हैं और उन्हें जेल कैंटीन से रक्षाबंधन किट उपलब्ध कराई जाएगी। जिसमें रोली, चंदन के साथ राखी और लड्डू होंगे। इस दौरान खुली मिलाई वाले स्थान पर सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं, जिनसे उनकी निगरानी की जाएगी।

लाडो अभियान के तहत शिशु लिंगानुपात बढ़ाने के प्रयासों से सार्थक परिणाम हुए परिलक्षित

ग्वालियर अगस्त .ग्वालियर जिले में खुशहाल लाडो प्रोजेक्ट के तहत 25 आंगनबाड़ी क्षेत्रों का औसत शिशु लिंगानुपात 735 से बढ़कर 908 हो गया है। प्रोजेक्ट के तहत यह उल्लेखनीय कार्य हुआ है। लाडो प्रोजेक्ट के तहत 800 से कम लिंगानुपात वाले परियोजना शहर-1 ग्वालियर के वार्ड क्र.-1 से 13 तक की 25 आंगनबाड़ी क्षेत्रों में लिंगानुपात को बढ़ाने के लिये विशेष कार्य लाडो अभियान के तहत किए गए हैं। वर्ष 2022 से 2025 तक अभियान चलाकर विभिन्न गतिविधियों और जन जागरूकता के परिणाम स्वरूप सकारात्मक परिणाम परिलक्षित हुए हैं।

आम सूचना

सर्वसाधारण व खास को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पुष्पादेवी पत्नी श्री अमरकांत, निवासी बटपुरा, अटेर, प्रतापपुरा, भिण्ड (म.प्र.) ने भावी बिक्रेता मनोष कुमार शर्मा पुत्र श्री भीमसेन शर्मा, निवासी दीक्षित का पुरा, ग्राम सेंथरी, जिला ग्वालियर (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के एक प्लॉट क्रमांक पी-112, जिसका क्षेत्रफल 1045 वर्गफिट होकर जो सर्वे क्रमांक 144/1/1, 484/1, 491/1, 491/2, 492/1, 493/1, 495/1, 497/1, व 498/1, ग्राम सेंथरी, शिव सांई कॉलोनी, परगना एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) में स्थित होकर जिसके पूर्व में प्लॉट क्रमांक पी-111, पश्चिम में प्लॉट क्रपी-113, उत्तर में 25 फीट चौड़ी रोड व दक्षिण में संपत्ति दीगर है, को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्था के यहां ऋण हेतु आवेदन किया है जिस पर ऋण दिया जाना प्रस्तावित है। भावी बिक्रेता ने उक्त सर्वे क्रमांकों की कुल भूमि क्षेत्रफल 0.606 हेक्टेयर पूर्व स्वामीगण उमेश पुत्र श्री रामस्वरूप, बंटी पुत्र श्री विष्णु, माताप्रसाद पुत्र बिजय सिंह, ब्रम्हा व भुजबल सिंह पुत्रगण श्री तेज सिंह से जयें रजिस्टर्ड बिक्रयपत्र दस्ता. पंजीयन क्रमांक एमपी 142592024ए1269865 एंव पंजी दिनांक 01.03.2024 के माध्यम से क्रय की थी तदोपरांत् उसके द्वारा क्रयशुदा भूमि पर राजस्व रिकार्ड अर्थात खसरों में अपना नाम अंकित कराया। पूर्व स्वामीगण के अतिरिक्त भी उक्त सर्वे क्रमांको की भूमि के अन्य स्वामी खसरे में होना प्रतीत हो रहे है। आवेदिका के अनुसार पूर्व स्वामिनी ने अपने हिस्से की संपत्ति ही बिक्रय की है। चूंकि उक्त संपत्ति पर ऋण प्रस्तावित है इसलिये फिर भी यदि किसी सहस्वामी को तथा/अथवा भी किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, किसी निकाय आदि को उपरोक्त उपरोक्त वर्णित संपत्ति को बिक्रय किये जाने एवं बंधक किये जाने में कोई या कैसी भी आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेजी प्रमाण के नीचे उल्लेखित पते पर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् कोई भी आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी। इतिदिनांक 08.08.2025

प्रेषक- गजेन्द्र कुमार भार्गव (एडवोकेट)
कार्या./नि.- हैदरगंज, मामा का बाजार, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.)
कार्या. समय : 7:00 से 9:00 (सुबह एवं शाम)
मो. 9301122311

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती फूलो पत्नी श्री शिवराम ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 78 पूरा व 77 का भाग स्थित ग्राम खुरैरी जिला ग्वालियर में है। जो कि सर्वे क्र. 831/3 का भाग 1500 वर्गफुट है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 61 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता अमित सिंह तोमर पुत्र श्री अरविन्द्र सिंह की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. एम पी 142592020ए1584846 तारीखी 18.09.2020 में रमेशचन्द्र सविता पुत्र श्री जानकी प्रसाद से क्रय किया। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमानिम्नानुसार है :- पूर्व में- रोड, पश्चिम में-प्लॉट क्र. 68 व 69, उत्तर में- प्लॉट क्र. 77 का भाग, दक्षिण में- प्लॉट क्र. 79 जिसका कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के विक्रेता अमित सिंह तोमर पुत्र श्री अरविन्द्र सिंह को अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 78 पुरा व 77 का भाग कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट के द्वारा विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागो या प्राईवेट फायनेंश एंव पूर्व विक्रेता रमेशचन्द्र सविता पुत्र श्री जानकी प्रसाद के परिवार सदस्य रामश्रीबाई पत्नी स्व. श्री जानकी, नत्थूराम, बंसतलाल पुत्रगण स्व. श्री जानकी को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा श्रीमती फूलो पत्नी श्री शिवराम ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 78 पुरा व 77 का का भाग कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है, जो सुचित हो।

दिनांक-08.08.2025
स्थान ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिका संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राधा देवी RADHA DEVI पत्नी आर्मी नं. 2996361डब्ल्यू-एनके देवेन्द्र सिंह सिकरवार निवासी- ग्राम बरौली, पो. बांसी, तहसील जौरा, जिला मुरैना हाल ईडब्ल्यूएस-103, पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, मुरैना, जिला मुरैना म.प्र. पिन-476001 की निवासी होकर शपथपूर्वक सत्य कथन करती हूं कि मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में त्रुटिवश मेरा नाम शांति SHANTI लिख गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड और शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम राधा देवी RADHA DEVI अंकित है। यह कि शांति SHANTI और राधा देवी RADHA DEVI दोनों मेरे ही नाम है। मेरा सही व वास्तविक नाम राधा देवी RADHA DEVI है। अतएव मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में शांति SHANTI के स्थान पर मेरा सही व वास्तविक नाम राधा देवी RADHA DEVI दर्ज किया जावे।

सूचनाकर्ता
राधा देवी पत्नी देवेन्द्र सिंह सिकरवार निवासी- ईडब्ल्यूएस-103, पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, मुरैना, जिला मुरैना म.प्र. पिन-476001

उपनाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम CHANDRA SHEKHAR CHAURASIYA निवासी : त्यागी नगर, मुरार ग्वालियर म.प्र. है। मेरे आधार में मेरा नाम CHANDRA SHEKHAR CHAURASIYA लिखा है जो कि सही है। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम CHANDRA SHEKHAR CHOURASIYA लिखा है जो कि गलत है। अनुरोध है कि मेरे सभी शासकीय अशासकीय दस्तावेजों एवं पासपोर्ट में मेरा नाम CHANDRA SHEKHAR CHOURASIYA के स्थान पर CHANDRA SHEKHAR CHAURASIYA नाम दर्ज करने के कृपा करे। अतः भविष्य में मुझे CHANDRA SHEKHAR CHAURASIYA नाम से लिखा व पढ़ा एवं दर्ज किया जावे। अतः सूचित हो।

सूचनाकर्ता
नाम- चंद्र शेखर चौरसिया पुत्र श्री रामहेत चौरसिया,निवासी-त्यागी नगर, मुरार ग्वालियर म.प्र.

आम सूचना

श्रीमती ममता सोनी पत्नी श्री राजीव सोनी एवं श्रीमती प्रीति सोनी पत्नी श्री प्रदीप कुमार के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.45, 46, 47, स्थित रामरती विहार फेस-2, ग्राम चकरायपुर, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.63 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 159/2 ग्राम चकरायपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 2880 वर्गफुट है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री काशीराम पुत्र श्री रामलाल एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री काशीराम का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्रीमती शांति बाई पत्नी श्री काशीराम उनकी सम्पत्ति की मालिक हुई एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्रीमती शांति बाई द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्री वीर सिंह पुत्र श्री प्रीतम सिंह के हित में ई-रजिस्टर्ड मुख्यारआम विलेख क्र. एमपी 142592024 ए41082293 दिनांक 30.08.2024 को सम्पादित किया गया। श्रीमती शांति बाई जयें मुख्यारआम श्री वीर सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति का एक भाग (भूखण्ड क्र.46) 960 वर्गफुट एरिया श्रीमती ममता सोनी पत्नी श्री राजीव सोनी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142592025ए1207001 दिनांक 25.03.2025 से विक्रय की गई। श्रीमती शांति बाई जयें मुख्यारआम श्री वीर सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति का दूसरा भाग (भूखण्ड क्र.45) 960 वर्गफुट एरिया श्रीमती ममता सोनी पत्नी श्री राजीव सोनी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142592025ए1207187 दिनांक 25.03.2025 से विक्रय की गई। श्रीमती शांति बाई जयें मुख्यारआम श्री वीर सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति का तीसरा भाग (भूखण्ड क्र.47) 960 वर्गफुट एरिया श्रीमती प्रीति सोनी पत्नी श्री प्रदीप कुमार को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 142592025 ए1206990 दिनांक 25.03.2025 से विक्रय की गई। श्रीमती ममता सोनी एवं श्रीमती प्रीति सोनी द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार टाटा कैपीटल हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री काशीराम के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 9827672770

आम सूचना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण क्र. (1) पार्वती कुशवाह पत्नी स्वर्गीय श्री छोटे लाल, (2) अशोक कुशवाह पुत्र स्वर्गीय श्री छोटे लाल, (3) किशोर कुशवाह पुत्र स्वर्गीय श्री छोटे लाल, (4) वीरेन्द्र कुशवाह पुत्र स्वर्गीय श्री छोटे लाल, (5) उर्मीला देवी कुशवाह पत्नी स्वर्गीय श्री लखन सिंह कुशवाह निवासीगण : निम्बालकर की गोठ नं. 1, दौलतगंज, लश्कर ग्वालियर का नाम नगर निगम ग्वालियर में सम्पत्ति कर अभिलेख में बतौर सम्पत्ति स्वामी, माननीय आयुक्त, उपायुक्त, सहा. आयुक्त के समक्ष प्रकरण क्र. 1510/2025 दिनांकः 07/02/2025 के अनुसार धारा 167 के आशय से भवन क्र. 736 क्षेत्रफल 750 वर्गफुट पर वारिसान के आधार पर नामांकित है। उक्त सम्पत्ति स्वर्गीय श्री रामसिंह पुत्र श्री गनपत एवं श्री छोटे पुत्र श्री रामसिंह एव श्रीमती कला बाई पत्नि श्री राम सिंह की स्व अर्जित सम्पत्ति होकर रजिस्टर्ड दस्तावेज क्रमांक 2084, दिनांकः 02-07-1965 से पंजीबद्ध है। जिनकी मृत्यु के पश्चात उक्त संपत्ति मेरे पक्षकारगणों को बतौर उत्तराधिकारी प्राप्त हुई है, जिस सम्पत्ति पर मेरे पक्षकारगण स्वत्व, स्वामित्व हक रखते हैं। जिस उत्तराधिकारी हक के आधार पर मेरे सभी पक्षकारगणो का नाम सम्पत्ति कर अभिलेखो में नगर निगम ग्वालियर में सम्पत्ति स्वामी के तौर पर दर्ज है। जिस स्वामित्व के आधार पर मेरे पक्षकार ने AU Small Finance ग्वालियर शाखा में लोन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है। मेरे पक्षकाराणों के अतिरिक्त स्वर्गीय थी छोटे लाल पुत्र स्वर्गीय श्री रामसिंह का कोई वारिसान / उत्तराधिकारी नहीं है। यदि किसी भी व्यक्ति को मेरे पक्षकारगणों के स्वामित्व पर हस्तक्षेप / आपत्ति हो या स्वर्गीय श्री छोटे लाल के वारिस / उत्तराधिकारी होने का दावा करता है, व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मेरे कार्यालय : 5- B, सतीश निवास, अशोक कालोनी, लश्कर, ग्वालिर, खासगी बाजार से आज दिनांक 09-08-2025 से सात दिवस भीतर अपनी आपत्ति दर्ज कारावे। तत्पश्चात आपकी आपत्ति अमान्य होगी। दिनांक 08.08.2025

प्रेषक- संस्कार शर्मा (अधिवक्ता)
मध्य प्रदेश उच्च न्यायलय ग्वालियर
मोबाइल नंबर : 9074602044
कार्यालय 5-B सतीश निवास, अशोक कॉलोनी, खासगी बाज़ार, लश्कर ग्वालियर, मध्य प्रदेश

आम सूचना

श्रीमती बीनू पत्नी श्री विनोद सिंह गुर्जर के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित गोवर्धन कॉलोनी, मैन रोड से दूर, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र. 20 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.661/14, 661 / 15, 661 / 16 एवं 661 / 22 ग्राम जडेरूआकलां का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 625 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भवन श्री राजेन्द्र सिंह, पश्चिम में- रास्ता, उत्तर में-भवन श्री मोतीराज एवं दक्षिण में-भवन दीगर है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री सरनाम सिंह पुत्र श्री दौलतराम एवं श्री कौशल किशोर पुत्र श्री दौलतराम एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री सरनाम सिंह एवं श्री कौशल किशोर द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती बीनू पत्नी श्री विनोद सिंह गुर्जर को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142592024ए11296213 दिनांक 29.10.2024 से विक्रय की गई। श्रीमती बीनू द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फायनेंस क.लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - मकान नं. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे.क्रं. 17 वार्ड क्रं. 39, भवन क्रं. .., स्थानः सात भाई की गोठ पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती राधा सोनी / श्री श्याम सोनी के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. .... पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1932 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. MP142602022 A1270677 दिनांक 14.03.2022 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ढ़ोली बुआ का पुल क्षे.क्रं. 17 पर दिनांक 07.08.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 71/2010/57933/58125/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
टेकचन्द्र जैसवानी / स्व. श्री धनराज जैसवानी
पताः सात भाई की गोठ, वार्ड-39
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 08-08-2025

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे.क्रं. 17 वार्ड क्रं. 39, भवन क्रं. .., स्थानः लक्ष्मीगंज पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती भीकम सिंह यादव, लाखन सिंह यादव / स्व. श्री इन्द्रजीत सिंह यादव के नाम से नगर निगम में आई.डी.क्रं. .. पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 62 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. MP142602025A1135758 दिनांक 01.03.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ढ़ोली बुआ का पुल क्षे.क्रं. 17 पर दिनांक 07.08.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 71/2010/57934/58126/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
श्रीमती गंगादेवी सिंघल / श्री रमनलाल सिंघल
पताः लक्ष्मीगंज, वार्ड-39
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 08-08-2025

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् दवारा सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 05 स्थान मोतीझील में स्थित है जो कि श्री राजेश कुश्वाह/पिता स्व. सुरेश कुश्वाह के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000099323 पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 858 वर्गफुट है उक्त संपत्ति को मेरे दवारा रजिस्टर विक्रय पत्र क्रमांक MP142602024A11125806 दिनांक 11/09/2024 दवारा प्राप्त किया गया है उक्त संपत्ति का मेरे दवारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर के पास क्षेत्र क्रमांक 01 आवेदन दिनांक 08/08/2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 60/2010/72442/72650 प्रकरण क्रमांक 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्ति कर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंगत दस्तावेज़ सहित प्रस्तुत करें नियम अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय दवारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 08.08.2025

आवेदक का नाम
श्रीमती रचना शर्मा
पति श्री मुकेश शर्मा
मोतीझील वार्ड-05

भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लि.

IRCTC
(भारत सरकार का उद्यम - नवरत्न)
सीआईएनः L74899DLI999GOI101707

खुली ई-निविदा आमंत्रण सूचना

आईआरसीटीसी-पश्चिम क्षेत्र द्वारा निम्नलिखित के लिए खुली ई-निविदा (दो पैकेट प्रणाली के माध्यम से) आमंत्रित करता है:-

इकाई	विवरण	निविदा खोलने की तिथि एवं समय
फूड प्लाजा/ फास्ट फूड यूनिट	कटनी साउथ रेलवे स्टेशन में फूड प्लाजा की स्थापना, संचालन और प्रबंधन तथा सामाख्याली जंक्शन एवं *हडपसर रेलवे स्टेशन पर फास्ट फूड यूनिट के लिए खुली ई-निविदा सह नीलामी।	*25.08.2025 15:00 बजे (एफएफयू-हडपसर के लिए)
रिफ्रेशमेंट रूम/ जन आहार	रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न रिफ्रेशमेंट रूम के माध्यम से खानपान सेवाओं के संचालन, रखरखाव और प्रावधान के लिए खुली ई-निविदा सह नीलामी।	02.09.2025, 15:00 बजे (अन्य के लिए)

निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने और भागीदारी करने के लिए वेबसाइट www.tenderwizard.com/IRCTC पर जाएं
उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई संशोधन/परिशिष्ट जारी किया जाता है, तो वह केवल वेबसाइट www.irctc.com, तथा www.tenderwizard.com/IRCTC, पर ही प्रकाशित किया जाएगा।
कार्यालय का पता: जीजीएम, पश्चिम क्षेत्र कार्यालय, भूतल, फोर्ब्स बिल्डिंग, चरणजीत राय मार्ग, फोर्ट, मुंबई 400001. दूरभाष: 022-47509565-8815

अपना भोजन ऑनलाइन बुक करने के लिए कृपया www.ecatering.irctc.co.in पर लॉग ऑन करें या "फूड ऑन ट्रैक" मोबाइल ऐप डाउनलोड करें।

NASHIK MUNICIPAL CORPORATION

Rajiv Gandhi Bhavan, Sharanpur Road, Nashik - 422002
Solide Waste Management Department
E-Tender Notice No.05/2025-26

Name of Work:- Service of sweeping and cleaning of roads, Public and Community toilets, River bank, Auditoriums and NMC school Toilets in NMC area of 875 sweepers.

Interested tenderers should visit the website **https://mahatenders.gov.in** for detailed information.

जनसंपर्क/जा.क्र/२०५/२०२५
दि.०७/०८/२०२५
Sd/-
Commissioner / Administrator,
Nashik Municipal Corporation
"पर्यावरण बचे, तो प्राण बचे।"

JALGAON CITY MUNICIPAL CORPORATION

e-Tender Notice No. 611 for 2025-26

Jalgaon City Municipal Corporation invites e-Tender for the work of Underground Sewerage Project for Zone III (Harivitthal Nalla) of Jalgaon City. The cost of tender is Rs. 243,26,17,930.00/- (Excluding Tax). The at tender detailed document is available **www.mahatenders.gov.in** from 08/08/2025. The right to accept and cancel the tender has been reserved by the Commissioner, Jalgaon City Municipal Corporation.

Date: 08.08.2025
जा.क्र./ज.श.म.न.पा./प्रकल्प/77/2025
Sd/-
(Dnyaneshwar Dhere)
Commissioner and Administrator
Jalgaon City Municipal Corporation

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 16, वार्ड क्रं 37, भवन क्रं 499, स्थान जाग्रती नगर ग्वा0 मे स्थित है जो कि जमनाप्रसाद उर्फ जमुना प्रसाद बाथम/स्व. श्री रामलाल जी बाथम के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000107287 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 300 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142592024ए3356850 दिनांक 19.03.2024 मृत्युउपरान्त/वसीयत द्वारा प्राप्त हुई है। सम्पत्ति के दस्तावेज मेरे द्वारा जनमित्र केन्द्र पर दिनांक 08.08.2025 को जमा करा दिया गया है। जिसका आवेदक देवेन्द्र मांझी,श्री हरीश मांझी/श्री कैलाश मांझी नाम एंव कार्य क्रं 81/2010/37956/60171 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटि सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक. 08.08.2025
आवेदक-देवेन्द्र मांझी,श्री हरीश मांझी/श्री कैलाश मांझी,पता-जाग्रती नगर ग्वा0,मो0-9826428916

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 19, वार्ड क्रं 44, भवन क्रं 1792, स्थान जिनसी बाडा ग्वा0 मे स्थित है जो कि समर सरकार/मनिन्द्र चंद सरकार के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000083118 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 197 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्रद्वारा प्राप्त हुई है। सम्पत्ति के दस्तावेज मेरे द्वारा जनमित्र केन्द्र पर दिनांक 08.08.2025 को जमा करा दिया गया है। जिसका आवेदक निशा हबलानी/पंकज हबलानी नाम एंव कार्य क्रं 82/2011/24674/24760 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटि सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक. 08.08.2025
आवेदक-निशा हबलानी/पंकज हबलानी,पता-जिन्सीबाडा ग्वा0

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 19, वार्ड क्रं 44, भवन क्रं 1792, स्थान जिनसी बाडा ग्वा0 मे स्थित है जो कि दिलीप नैनानी/हासानन्द नैनानी,गोविंद रामानी/मनोहरलाल रामानी के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000083118 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 217 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्रद्वारा प्राप्त हुई है। सम्पत्ति के दस्तावेज मेरे द्वारा जनमित्र केन्द्र पर दिनांक 08.08.2025 को जमा करा दिया गया है। जिसका आवेदक निशा हबलानी/पंकज हबलानी नाम एंव कार्य क्रं 82/2011/24673/24759 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटि सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक. 08.08.2025
आवेदक-निशा हबलानी/पंकज हबलानी, पता-जिन्सीबाडा ग्वा0

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं नजूल अधिकारी झाँसीरोड ग्वालियर

प्रकरण क्रमांक 0001/अ-20(2)/2022-23/590 ग्वालियर, दिनांक 04.08.2025

इश्तेहार/उद्घोषणा
(आम सूचना का प्रकाशन/इश्तेहार/उद्घोषणा)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मेहरा के भूमि सर्वे क्रमांक 865/1 रकवा 3.209 हैक्टेयर मे से 0.418 हैक्टेयर भूमि इण्डियन मेडीकल एसोसियेशन ग्वालियर आवंटन किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय को ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है।

यदि कोई अन्य पूर्त संस्था आवेदित भूमि का आवंटन चाहती है तो वह उद्घोषणां में उल्लेखित अंतिम तिथि तक प्रारूप एक में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगी। ऐसी अन्य संस्था द्वारा प्रकिया शुल्क रूपये दस हजार शासकीय खजाने में परिशिष्ट "क" में उल्लेखित मद में जमा कर उसकी पावती की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जाएगी। प्रकिया शुल्क आवेदन अमान्य होने की दशा में वापिस नहीं किया जाएगा और न ही मान्य होने की दशा में किसी देय राशि के विरूद्ध समायोजित किया जाएगा।

अतः उक्त आवंटन के संबंध में जिस किसी को कोई भी आपत्ति हो, तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में नियत आगामी दिनांक 20/08/25 को कार्यालयीन समय के पूर्व अपनी आपत्ति, लिखित रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/08/2025 मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया।

(अतुल सिंह)
(सील) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
झांसी रोड ग्वालियर